कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-07.05.2025

विषय:- बैंक खातों में कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से ग्राहकों का पैसा गबन करने के मामले में वांछित अभियुक्त संदीप कुमार को थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0104/2025 धारा 316(5),338,336(3),340(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र बिन्दा प्रसाद निवासी मरदान खेड़ा पो0 अटेसुवा थाना दही जनपद उन्नाव व हाल पता अनिल सिंह के मकान में ग्राम केराकतपुर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-07.05.2025 को समय करीब 09.15 बजे एस्सार पेट्रोल पम्प केराकतपुर थाना लोहता वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-

दिनांक-05.05.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी (उप-क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा लोहता जनपद वाराणसी) ने प्रतिवादी संदीप कुमार (हेड कैशियर) द्वारा बैंक के कुछ ग्राहकों को हस्ताक्षर युक्त जमा रसीद बैंक शाखा की मुहर व दिनांक के साथ लगाकर ग्राहकों को देने, कूट रचित जमा पर्ची तैयार कर ग्राहकों का अधूरा पैसा खाते में जमा करने तथा मूल जमा पर्ची व ग्राहकों का पैसा अपने पास रख लेने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 अनुज कुमार द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

संदीप कुमार पुत्र बिन्दा प्रसाद निवासी मरदान खेड़ा पो0 अटेसुवा थाना दही जनपद उन्नाव व हाल पता अनिल सिंह के मकान में ग्राम केराकतपुर थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 31 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

एस्सार पेट्रोल पम्प केराकतपुर थाना लोहता वाराणसी से, दिनांक-07.05.2025 को समय करीब 09.15 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-0104/2025 धारा 316(5), 338, 336(3), 340(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष निकिता सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अमित कुमार यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।